नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

V-103

No. of Printed Pages – **8**

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–IX) परीक्षा, 2017

लेवल – प्रथम वर्ष

विषय – स्वास्थ्य देखभाल

समय : 2 घण्टे **पूर्णांक: 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के दो पृष्ठ तक उत्तर लिखें ।

खण्ड – (अ)

सही विकल्प चुनें : $(10 \times \frac{1}{2} = 5)$

1. प्रकृति के रचनात्मक सिद्धांतों के साथ मेलजोल रखकर व्यक्ति निर्माण प्रणाली क्या कहलाती है ? $\frac{1}{2}$

(अ) आयुर्वेद (ब) यूनानी

(स) होमियोपैथी (द) प्राकृतिक चिकित्सा

2. निम्न में से कौन सा कार्य अस्पताल का कार्य नहीं है ? $\frac{1}{2}$

(अ) सुधार लाने का कार्य (ब) सामाजिक कार्य

(स) निवारक कार्य (द) स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में प्रशिक्षण और अनुसंधान

3. रोगी के लिए कौन से परिवेश की आवश्यकता होती है ? $\frac{1}{2}$

(अ) आरामदायक परिवेश (ब) शोरगुलयुक्त परिवेश

(स) तेज प्रकाशयुक्त परिवेश (द) अस्थिरतायुक्त परिवेश

4. हेपैटाइटिस बी का टीका कौन से मार्ग से दिया जाता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) इंट्राडर्मल (ब) इंट्रामस्कुलर

(स) मौखिक (द) सब–क्यूटेनियस

5. रोगी के आराम के लिए आवश्यक मूलभूत घटक नहीं है $\frac{1}{2}$

(अ) रोशनी (ब) हवा

(स) अस्वच्छता (द) तापमान

6. एक नर्सरी वार्ड में क्या शामिल नहीं है ? $\frac{1}{2}$

(अ) नर्सिंग स्टेशन (ब) दवा देने का कमरा

(स) परिजनों के लिए कमरा (द) साफ चीजें रखने वाला कमरा

7. रोगी की सांस्कृतिक प्रथाओं के प्रति किसी भी दी गई परिस्थिति में संवेदनशील बनना क्या कहलाता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) सूचित स्वीकृति (ब) सांस्कृतिक चिंताएँ

(स) नियंत्रण (द) जवाबदेही

8. ब्लडबैग्स और यूरोबैग्स का निपटान कौन से बैग में किया जाता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) पीला बैग (ब) काला बैग

(स) नीला बैग (द) लाल बैग

9. पीला बैग निम्न में से किसके निपटान के लिए उपयोग नहीं किया जाता ? $\frac{1}{2}$

(अ) खून से संदूषित सामान (ब) शरीर से निकले हुए तरल से भरी रूई

(स) ड्रेसिंग, खराब प्लास्टर कास्ट (द) साबुत ग्लास व काँच की शीशी

10. गंभीर रोग से ग्रस्त मृत्यु के समीप व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधा क्या कहलाती है ? $\frac{1}{2}$

(अ) आश्रम देखभाल (ब) घरेलू देखभाल

(स) प्रबंधित देखभाल (द) दीर्घ समय देखभाल

खण्ड – (ब)

लघु उत्तरीय प्रश्न : $(20 \times \frac{1}{2} = 10)$

11. अच्छी तरह से तैयार होने और स्वास्थ्य अच्छा रखने का पहला चरण ________ है। $\frac{1}{2}$

12. दाँतों को दिन में दो बार ________ करना चाहिए। $\frac{1}{2}$

13. एक संगठन का गठन करने वाले व्यक्तियों और समूहों के बीच का संचार ________ कहलाता है। $\frac{1}{2}$

14. अच्छी तरह तैयार होने, साफ–सुथरे और व्यवस्थित रहने से लोग अधिक ________ महसूस करते हैं। $\frac{1}{2}$

15. शरीर को स्वास्थ्य के ________ भोजन देना चाहिए। $\frac{1}{2}$

16. अच्छी तरह व्यायाम करने के लिए ________ अनिवार्य है। $\frac{1}{2}$

17. ________ शरीर की सफाई, तैयार करने और रखरखाव की कला है। $\frac{1}{2}$

18. संचार ________ भाषा के शब्द से बना है। $\frac{1}{2}$

19. प्रथम स्तर पर उपलब्ध चिकित्सा देखभाल ________ देखभाल है । $\frac{1}{2}$

20. ________ बच्चों और वयस्कों को नुकसान पहुँचाने वाले संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करता है । $\frac{1}{2}$

21. टीकाकरण के दुष्प्रभाव क्या हैं ? $\frac{1}{2}$

22. बी सी जी का पूरा नाम क्या है ? $\frac{1}{2}$

23. वैश्विक टीकाकरण कार्यक्रम का लोकप्रिय नाम क्या है ? $\frac{1}{2}$

24. ओरल पोलियो टीका (ओ पी वी) किसने विकसित किया ? $\frac{1}{2}$

25. कौन से वर्ष में पल्स पोलियो टीकाकरण (पी पी आई) की शुरुआत की गई ? $\frac{1}{2}$

26. बैक्टीरिया क्या है ? $\frac{1}{2}$

27. संचार शब्द का अर्थ क्या है ? $\frac{1}{2}$

28. प्रेषक क्या करता है ? $\frac{1}{2}$

29. जानबूझकर निर्देशित या परिवर्तित करने की विधि को क्या कहते हैं ? $\frac{1}{2}$

30. पॉलीक्लिनिक क्या है ? $\frac{1}{2}$

खण्ड – (स)

दो से चार पंक्तियों में उत्तर दीजिए : $(6 \times 1\frac{1}{2} = 9)$

31. स्वास्थ्य देखभाल प्रदायगी प्रणाली के मॉडल को चित्रांकित कीजिए । $1\frac{1}{2}$

32. अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक 5 कारकों के बारे में बताइए । $1\frac{1}{2}$

33. सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों के नाम लिखिए । $1\frac{1}{2}$

34. आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया को परिभाषित कीजिए । $1\frac{1}{2}$

35. उत्तरजीविता की शृंखला में शामिल चरणों की सूची बनाइए । $1\frac{1}{2}$

36. मूलभूत तैयारी में कौन सी आदतों को शामिल किया गया है ? $1\frac{1}{2}$

खण्ड – (द)

दो पृष्ठों तक में उत्तर दीजिए : **(2 × 3 = 6)**

37. अस्पताल को परिभाषित कीजिए तथा अस्पताल के कार्यों का विस्तार से वर्णन कीजिए। **3**

38. प्रभावी संचार के सिद्धांतों की सूची बनाइए तथा संचार में आने वाली बाधाओं को समझाइए। **3**

DO NOT WRITE ANYTHING HERE